रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 372] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 5, 2005/भाद्र 14, 1927
No. 372] NEW DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 5, 2005/BHADRA 14, 1927

वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)
(बीमा प्रभाग)
अधिसूचना
नई दिल्ली, 5 सितम्बर, 2005

सा.का.नि. 559(अ).— केन्द्रीय सरकार, जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 (1956 का 31) की धारा 48 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम वर्ग I अधिकारी (सेवा के निबंधनों और शर्तों का पुनरीक्षण) नियम, 1985 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम, प्रारंभ और लागू होना** :- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय जीवन बीमा निगम वर्ग I अधिकारी (सेवा के निबंधनों और शर्तों का पुनरीक्षण) संशोधन नियम, 2005 है ।

(2) इन नियमों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, ये नियम 1 अगस्त, 2002 को प्रवृत्त हुए समझे जाएंगे :

परंतु निगम द्वारा विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर यदि कोई वर्ग I अधिकारी निगम को लिखित सूचना देता है जिसमें वह इन नियमों के प्रवृत्त होने की तारीख से अपूर्व और इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से अपश्चात् किसी तारीख से इन नियमों के उपबंधों से शासित होने का अपना विकल्प अभिव्यक्त करता है, तो निगम आदेश द्वारा ऐसे अधिकारी को उक्त तारीख से उक्त नियमों द्वारा शासित होने की अनुज्ञा दे सकता है। इस प्रकार चयनित तारीख से पूर्व की अवधि के लिए ऐसे अधिकारी को कोई बकाया संदेय नहीं होगा ।

(3) ये नियम उन वर्ग I अधिकारियों को लागू होंगे जो निगम के स्थायी स्थापन में 1 अगस्त, 2002 या उसके पश्चात् पूर्णकालिक वेतन सेवा में थे :
परंतु यह कि ऐसे अधिकारी, जिनका भारतीय जीवन बीमा निगम (कर्मचारिवृंद) नियम, 1960 के नियम 39 के अधीन तारीख 1 अगस्त, 2002 से इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख तक की अवधि के दौरान त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है या जिनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं, पुनरीक्षण के कारण बकाया के पात्र नहीं होंगे ।

2. भारतीय जीवन बीमा निगम वर्ग I अधिकारी (सेवा के निबंधनों और शर्तों का पुनरीक्षण) नियम, 1985 में,-

(i) नियम 4 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"4. वर्ग I अधिकारियों के वेतनमान : वर्ग I अधिकारियों के वेतनमान निम्नलिखित के अनुसार होंगे :

(1)	(i) क्षेत्रीय प्रबंधक (ii) मुख्य इंजीनियर/ मुख्य वास्तुविद	(क) सामान्य वेतनमान : 28605-785(5)-32530रुपए (ख) चयन वेतनमान 31745-785(2)-33315-850(1)-34165-940(1)-35105-995(1)-36100 रुपए
(2)	(i) उप क्षेत्रीय प्रबंधक/ ज्येष्ठ मंडल प्रबंधक (ii) उप मुख्य इंजीनियर/ उप मुख्य वास्तुविद	25930-650(3)-27880-725(2)-29330 रुपए
(3)	(i) मंडल प्रबंधक (ii) अधीक्षण इंजीनियर/ ज्येष्ठ संकर्म सर्वेक्षक/ ज्येष्ठ वास्तुविद	22030-650(7)-26580 रुपए
(4)	(i) सहायक मंडल प्रबंधक/ ज्येष्ठ शाखा प्रबंधक (ii) कार्यपालक इंजीनियर/ संकर्म सर्वेक्षक/ उप ज्येष्ठ वास्तुविद	18130-540(1)-18670-560(6)-22030-650(4)-24630 रुपए
(5)	(i) प्रशासनिक अधिकारी/ शाखा प्रबंधक (ii) सहायक कार्यपालक इंजीनियर/	14890-540(7)-18670-560(6)-22030रुपए

		सहायक संकर्म सर्वेक्षक/ वास्तुविद	
(6)	(i)	सहायक प्रशासनिक अधिकारी/ सहायक शाखा प्रबंधक	11110-540(14)-18670-560(4)-20910रुपए
	(ii)	सहायक इंजीनियर / सहायक वास्तुविद	

टिप्पणः विभिन्न क्रम संख्यांकों के अधीन प्रविष्टि (ii) में विनिर्दिष्ट पदों पर नियुक्त किए गए अधिकारियों के संबंध में पृथक् ज्येष्ठता सूची रखी जाएगी ।

(ii) नियम 4क. के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"4 क. वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने पर मूल वेतन में वृद्धिः-कार्य अभिलेख के समाधानपूर्ण पाए जाने के अधीन रहते हुए,-

(क) सहायक प्रशासनिक अधिकारी के वेतनमान में के ऐसे अधिकारी को, जो उसे लागू वेतनमान के अधिकतम पर पहुंच गया है, ऐसे अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् सेवा के प्रत्येक तीन पूर्ण वर्ष के लिए उसके वेतनमान में उसके द्वारा ली गई अंतिम वेतनवृद्धि के समतुल्य मूल वेतन में वृद्धि अनुज्ञात की जाएगी किंतु ऐसी वृद्धियां अधिकतम दो होंगी :

परंतु कोई अधिकारी, यथास्थिति, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् या ऐसी वृद्धियां लेने के पश्चात् तीन वर्ष पूर्ण होने के पश्चात्वर्ती मास के पहले दिन से पूर्व मूल वेतन में ऐसी वृद्धि पाने का हकदार नहीं होगा ;

(ख) सहायक प्रशासनिक अधिकारी के वेतनमान में के ऐसे अधिकारी को, जो उसे लागू वेतनमान के अधिकतम पर पहुंच गया है, ऐसे अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् सेवा के प्रत्येक तीन पूर्ण वर्ष के लिए उसके वेतनमान में उसके द्वारा ली गई अंतिम वेतनवृद्धि के समतुल्य मूल वेतन में वृद्धि अनुज्ञात की जाएगी, किंतु ऐसी वृद्धियां अधिकतम चार होंगी :

परंतु कोई अधिकारी, यथास्थिति, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् या ऐसी वृद्धियां लेने के पश्चात् तीन वर्ष पूर्ण होने के पश्चात्वर्ती मास के पहले दिन से पूर्व मूल वेतन में ऐसी वृद्धि पाने का हकदार नहीं होगा ;

(ग) सहायक मंडल प्रबंधक के वेतनमान में के किसी अधिकारी को, जो उसे लागू वेतनमान के अधिकतम पर पहुंच गया है, ऐसे अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् सेवा के प्रत्येक तीन पूर्ण वर्ष के लिए उसके वेतनमान में उसके द्वारा ली गई अंतिम वेतन वृद्धि के समतुल्य मूल वेतन में वृद्धि अनुज्ञात की जाएगी, किंतु ऐसी वृद्धियां अधिकतम दो होंगी :

परंतु कोई अधिकारी, यथास्थिति, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् या ऐसी वृद्धियां लेने के पश्चात् तीन वर्ष पूर्ण होने के पश्चात्वर्ती मास के पहले दिन से पूर्व मूल वेतन में ऐसी वृद्धि पाने का हकदार नहीं होगा ;

परंतु जहां किसी अधिकारी को उसको लागू वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने की तारीख से तीन वर्ष की सेवा पूर्ण होने के पश्चात्वर्ती मास के पहले दिन या मूल वेतन में ऐसी अंतिम वृद्धि से, (यथास्थिति, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने की तारीख से तीन वर्ष की सेवा पूर्ण होने के पश्चात्वर्ती मास के पहले दिन या मूल वेतन में ऐसी अंतिम वृद्धि से जिसे इसमें इसके पश्चात् " सुसंगत तारीख" कहा गया है) मूल वेतन में खंड (क) या खंड (ख) या खंड (ग) में निर्दिष्ट वृद्धि अनुदत्त नहीं की जाती तो उसका मामला, सुसंगत तारीख से संगणित की जाने वाली सेवा के बारह मास पूर्ण करने के पश्चात्वर्ती मास या ऐसे पुनरीक्षण की तारीख से उस प्रत्येक कलेंडर वर्ष में पुनरीक्षण के लिए तब तक रखा जाएगा जब तक कि उसके मूल वेतन में ऐसी वृद्धि अनुज्ञात न की जाए और तत्पश्चात् यदि ऐसी वृद्धि अनुज्ञात करने का विनिश्चय किया जाता है तो वह उस कलेंडर वर्ष जिसमें विनिश्चय किया गया है के उस मास की पहली तारीख से प्रभावी होगा जिसमें पुनरीक्षण किया जाना था ।

स्पष्टीकरण--इस नियम के प्रयोजनार्थ, 'कलेंडर वर्ष' से अभिप्रेत है "1 जनवरी से 31 दिसंबर तक की अवधि ।" ;

(iii) नियम 5 में,-

(क) उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(1) वर्ग I अधिकारियों को लागू महंगाई भत्ते का मापमान निम्नलिखित रूप से अवधारित किया जाएगा :-

(क) सूचकांक: औद्योगिक कर्मकारों का अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक।

(ख) आधार : 1960= 100 की श्रृंखला में सूचकांक सं. 2328

(ग) दर : अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 2328 प्वाइंट के ऊपर त्रैमासिक औसत में प्रत्येक चार प्वाइंट के लिए वर्ग I अधिकारी को वेतन के 0.18 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता संदत्त किया जाएगा ।

स्पष्टीकरण-- इस नियम के प्रयोजनार्थ , " वेतन" से अभिप्रेत है मूल वेतन, जिसमें इन नियमों के नियम 4क के अधीन यथा उपबंधित वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् मूल वेतन में वृद्धियां भी सम्मिलित हैं ।

(ख) उपनियम (2) में " 1740 प्वाइंट से ऊपर होने पर 1740-1744-1748-1752", अंकों और शब्दों के स्थान पर " 2328 प्वाइंट से ऊपर होने पर 2328-2332-2336-2340" अंक और शब्द रखे जाएंगे ।

(iv) नियम 6 के उपनियम (1) के स्थान पर निमनलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

" (1) वर्ग I अधिकारी का, सिवाय उनके जिनको निगम ने निवास स्थान आबंटित किया है, मकान किराया भत्ता निम्नलिखित होगा :

तैनाती का स्थान	मकान किराया भत्ते की दर
i. मुबई, कोलकाता, चेन्नई, नई दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुड़गांव और नवीं मुम्बई नगर ।	वेतन का 10 प्रतिशत अधिकतम 1600 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए
ii. ऊपर (i) में वर्णित नगरों से भिन्न नगर जिनकी जनसंख्या 12 लाख से अधिक है, गोवा राज्य में कोई नगर और गांधी नगर ।	वेतन का 8 प्रतिशत अधिकतम 1350 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए
iii. अन्य स्थान	वेतन का 7 प्रतिशत अधिकतम 1300 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए

टिप्पणः इस नियम के प्रयोजनार्थ,--

(i) जनसंख्या के आंकड़े नवीनतम जनगणना रिपोर्ट के अनुसार होंगे ।

(ii) नगरों में उनकी नगर बस्तियां सम्मिलित हैं ।

(iii)"वेतन" से अभिप्रेत है मूल वेतन मूल वेतन में वृद्धियां और नियत वैयक्तिक भत्ता। ";

(v) नियम 7 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

" 7. नगर प्रतिकरात्मक भत्ता : वर्ग I अधिकारियों को संदेय नगर प्रतिकरात्मक भत्ता निम्नलिखित होगा :-

तैनाती का स्थान	नगर प्रतिकारात्मक भत्ते की दर
i. मुबई, कोलकाता, चेन्नई, नई दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुड़गांव और नवीं मुम्बई नगर ।	वेतन का 3 प्रतिशत अधिकतम 500 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए

ii. ऊपर (i) में वर्णित नगरों से भिन्न नगर जिनकी जनसंख्या बारह लाख से अधिक है, गोवा राज्य में कोई नगर और गांधी नगर ।	वेतन का 2.5 प्रतिशत अधिकतम 470 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए
iii. वे नगर जिनकी आबादी पांच लाख और उससे अधिक है किंतु बारह लाख से अधिक नहीं है, राज्यों की राजधानियां जिनकी आबादी बारह लाख से अधिक नहीं है, चंडीगढ़, मोहाली, पोर्ट ब्लेयर और पंचकुला नगर ।	वेतन का 2 प्रतिशत अधिकतम 335 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए

टिप्पणः इस नियम के प्रयोजनार्थ,–

(i) जनसंख्या के आंकड़े नवीनतम जनगणना रिपोर्ट के अनुसार होंगे;

(ii) नगरों में उनकी नगर बस्तियां सम्मिलित हैं ;

(iii) " वेतन" से अभिप्रेत है मूल वेतन और नियम 4क के अधीन मूल वेतन में वृद्धियां।";

(vi) नियम 7क के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

" 7क पर्वतीय स्थान भत्ताः-

वर्ग I अधिकारियों को संदेय पर्वतीय स्थान भत्ता का मापमान निम्नानुसार होगा :-

क्र.सं.	स्थान (1)	दर (2)
1	1,500 मीटर और औसत समुद्री तल से ऊंचाई पर अवस्थित स्थानों पर तैनात	मूल वेतन के 2.5 प्रतिशत की दर से अधिकतम 335 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए
2	मेरकारा और ऐसे स्थानों में जो केन्द्रीय या राज्य सरकारों द्वारा उनके कर्मचारियों के लिए 'पर्वतीय स्थान' के रूप में विनिर्दिष्ट रूप से घोषित 1,000 मीटर से अधिक किंतु 15,00 मीटर से कम औसत समुद्री तल से अधिक ऊंचाई पर अवस्थित स्थानों पर तैनात	मूल वेतन के 2 प्रतिशत की दर से अधिकतम 270 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए
3	औसत समुद्री तल से अधिक 750 मीटर की ऊंचाई पर अवस्थित जो 1000 मीटर और उससे अधिक औसत समुद्री तल की ऊंचाई पर, पहाड़ियों से घिरे हुए हैं और	मूल वेतन के 2 प्रतिशत की दर से अधिकतम 270 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए

	जहां केवल पहाड़ियों के बीच से ही पहुंचा जा सकता है, स्थानों पर तैनात	

(vii) नियम 7ख में " 120 रुपए" अंकों और शब्द के स्थान पर " 150 रुपए" अंक और शब्द रखे जाएंगे ;

(viii) नियम 7ग में "200 रुपए" अंकों और शब्द के स्थान पर " 500 रुपए " अंक और शब्द रखे जाएंगे ;

(ix) नियम 9क में उपनियम (5) के खंड (iii) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(iii) ऐसा कोई अधिकारी जिसने 22 जून, 2002 के पश्चात् निगम की सेवाएं आरंभ की हैं इस वेतन वृद्धि के लिए पात्र नहीं होगा ";

(x) नियम 9ख के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"9ख परिवहन भत्ता: ऐसे अधिकारी से भिन्न प्रत्येक वर्ग I अधिकारी को जो निगम की किसी स्कीम के अधीन कोई सवारी भत्ता प्राप्त कर रहा है, 500 रुपए प्रतिमास परिवहन भत्ता संदत्त किया जाएगा। ";

(xi) नियम 9(ग) के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"9ग उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन(पीएलएलआई) :निगम के वर्ग I अधिकारियों को उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन निम्नलिखित रूप में संदत्त किया जाएगा :

(i) 1 अप्रैल, 2003 से 31 मार्च, 2005 तक की अवधि के लिए 1 अगस्त, 2002 को वर्ग I अधिकारियों के मजदूरी बिल (पुनरीक्षण पूर्व) के एक प्रतिशत का उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन के बदले एक समय एकमुश्त अनुग्रह के रूप में संदाय किया जाएगा।
(ii) 1 अप्रैल, 2005 से 31 मार्च, 2009 तक की अवधि के लिए इन नियमों से उपाबद्ध परिशिष्ट में यथा विनिर्दिष्ट होगा :

परंतु यद्यपि अगला मजदूरी पुनरीक्षण 1 अगस्त, 2007 को शोध्य होता है किन्तु वही उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन स्कीम वित्तीय वर्ष 2008-2009 तक लागू होगी।";

(xii) नियम 9(घ) के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

" 9घ पारादीप पत्तन भत्ता :

पारादीप में कार्यालयों में कार्यरत प्रत्येक वर्ग I अधिकारी को, इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख या पारादीप में सेवारंभ की तारीख, जो भी बाद में हो, के

पश्चात्वर्ती मास की पहली तारीख से 75 रुपए प्रतिमास "पारादीप पत्तन भत्ता" संदाय किया जाएगा । यह भत्ता किन्हीं फायदों के लिए पंक्ति में नहीं होगा । ";

(xiii) परिशिष्ट के स्थान पर निम्नलिखित परिशिष्ट रखा जाएगा, अर्थात् :-

परिशिष्ट
उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन स्कीम (पीएलएलआई)
(नियम 9ग देखिए)

उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन के अनुदान के लिए शर्तें	(1) उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन का अनुदान निगम के निम्नलिखित क्षेत्रों में समग्र रूप से निष्पादन पर निर्भर करेगा : नई पालिसियों में वर्धन प्रथम वर्ष प्रीमियम आय में वर्धन कुल प्रीमियम आय में वर्धन पूर्व दावा अनुपात ; और वास्तविक संपदा से आय में वर्धन (2) उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन वित्तीय वर्ष के आधार पर संगणित किया जाएगा और निगम द्वारा ऊपर यथा उल्लिखित पांच प्राचलों में प्राप्त निष्पादन के स्तर पर आधारित होगा । (3) उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन केवल तभी संदेय होगा जब निगम की उपलब्धियां कुल प्रीमियम आय पर प्रारंभिक स्तरों से अधिक हों जो कि नीचे सारणी (1) में विनिर्दिष्ट हैं ।

(4) उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन की संगणना भारित औसत पद्धति पर आधारित होगी जो ऊपर मद (1) में दिए गए पांच प्राचलों पर संगणित होगा । इस प्रकार प्राप्त प्रतिशतता निकटतम पूर्णांक में पूर्णांकित की जाएगी । पात्र उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन प्रतिशतता भारित औसत पद्धति या कुल प्रीमियम आय के अधीन उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन की प्रतिशतता, जो भी कम हो, लागू करने पर प्राप्त उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन प्रतिशतता होगी ।

(5) निम्नलिखित वरीयता लागू होगी

प्राचल	वरीयता
(i) कुल प्रीमियम आय	4
(ii) प्रथम वर्ष प्रीमियम आय	4
(iii) नई पालिसियां	3
(iv) पूर्व दावा अनुपात	2
(v) भाटक आय	2

(6) उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन 1 अगस्त, 2002 को वर्ग I अधिकारियों के पुनरीक्षण पूर्व मजदूरी बिल के अधिकतम 6 प्रतिशत तक 1 प्रतिशत, 2 प्रतिशत, 3 प्रतिशत आदि स्तरों पर संदेय होगा जो इससे उपाबद्ध सारणियों के अनुसार ऊपर वर्णित क्षेत्रों में वर्धन दरों की प्राप्ति पर निर्भर करेगा ।

	(7) इस प्रयोजन के लिए कुल प्रीमियम आय और प्रथम वर्ष प्रीमियम आय वैयक्तिक बीमा पालिसियों पर प्रीमियम आय जमा जीवन सुरक्षा और अन्य वैयक्तिक पेंशन योजनाओं की बाबत प्रीमियम का 10 प्रतिशत, जमा बीमा निवेश, जीवन अक्षय और अन्य एकल प्रीमियम पालिसियों की बाबत 1.25 प्रतिशत, जमा बीमा जमा, भावी जमा और इसी प्रकार की योजनाओं का 50 प्रतिशत और इसमें पेंशन और समूह स्कीम प्रीमियम आय सम्मिलित नहीं होगी । तथापि, ऊपर लिखित पांचों प्राचलों में से किसी में सीमांत कमी को अध्यक्ष द्वारा माफ किया जा सकता है। (8) मजदूरी बिल की प्रतिशतता के रूप में उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन की रकम निगम द्वारा नीचे सारणियों में प्रत्येक प्राचल के लिए उल्लिखित प्रतिशतताओं के विरुद्ध क्षेत्रों में प्राप्त मात्राओं पर निर्भर करेगी परंतु सारणी 1 में यथा विनिर्दिष्ट कुल प्रीमियम आय, सारणी 2 में यथा विनिर्दिष्ट प्रथम वर्ष प्रीमियम आय, सारणी 3 में यथा विनिर्दिष्ट नई पालिसियों की संख्या, सारणी 4 में यथा विनिर्दिष्ट भाटक आय और सारणी 5 में यथा विनिर्दिष्ट पूर्व दावा अनुपात आय की रकम संबंधित सारणियों में यथा विनिर्दिष्ट कुल प्रीमियम आय, प्रथम वर्ष प्रीमियम आय, नई पालिसियों की संख्या , भाटक आय और पूर्व दावा अनुपात की रकम से कम नहीं होगी । (9) उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन वर्ष 2005-2006 से वर्ष 2008-2009 तक प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए 1 अप्रैल, 2005 से प्रारंभ होने वाले प्रत्येक वर्ष में 1 अगस्त को या उसके पश्चात् प्रतिवर्ष एकमुश्त वितरित की जाएगी ।

	(10) प्रस्तावित उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन, कारपोरेशन के कुल मजदूरी बिलों के लिए 1 अगस्त, 2002 को पुनरीक्षण पूर्व वेतन बिल के अनुपात में विभिन्न वर्गों में वितरित की जाएगी । (11) निगम को, उसके कर्मचारियों के लिए उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन के, उसे अंतिम रूप से शाखा स्तर तक ले जाने के लिए, विकेन्द्रीकृत निष्पादन मापमानों को विरचित करने और निबंधनों और शर्तों को विरचित करने के लिए सशक्त किया जाएगा । बोर्ड इस अधिसूचना की तारीख से 6 मास की अवधि के भीतर जोन या मंडल या शाखा स्तर के लिए उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन लेने के लिए विनियम बनाएगा । (12) प्राचलों को दिया गया अधिमान वही रहेगा जो मद (5) के अधीन दिया गया है ।

सारणी 1

मजदूरी बिल के प्रतिशत के अनुसार उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन	प्राप्त किए जाने के लिए अपेक्षित कुल प्रीमियम आय की न्यूनतम रकम (करोड़ रुपए में)			
	2005-2006	2006-2007	2007-2008	2008-2009
	71047	83573	98307	115638
1 %	71626	84204	98999	116402
2 %	72207	84838	99694	117169
3 %	72790	85474	100392	117939
4 %	73375	86113	101094	118713
5 %	73963	86755	101798	119490
6 %	74554	87400	102506	120272

सारणी 2

मजदूरी बिल के प्रतिशत के अनुसार उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन	प्राप्त किए जाने के लिए अपेक्षित प्रथम वर्ष प्रीमियम आय की न्यूनतम रकम (करोड़ रुपए में)			
	2005-2006	2006-2007	2007-2008	2008-2009
	14454	15848	17242	18636
1 %	14571	15967	17363	18759
2 %	14690	16088	17485	18883
3 %	14808	16208	17608	19007
4 %	14927	16330	17731	19131
5 %	15047	16451	17854	19257
6 %	15167	16574	17978	19383

सारणी 3

मजदूरी बिल के प्रतिशत के अनुसार उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन	प्राप्त किए जाने के लिए अपेक्षित नई पालिसियों की न्यूनतम संख्या			
	2005-2006	2006-2007	2007-2008	2008-2009
	31222179	33452923	35683667	37914411
1 %	31476446	33705584	35934935	38164723
2 %	31731728	33959299	36187299	38416176
3 %	31988029	34214075	36440766	38668779
4 %	32245357	34469917	36695344	38922540
5 %	32503716	34726833	36951039	39177467
6 %	32763114	34984829	37207860	39433567

सारणी 4

मजदूरी बिल के प्रतिशत के अनुसार उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन	प्राप्त किए जाने के लिए अपेक्षित भाटक आय की न्यूनतम रकम (करोड़ रुपए में)			
	2005-2006	2006-2007	2007-2008	2008-2009
	60.58	64.41	68.24	72.07
1 %	61.07	64.90	68.72	72.55
2 %	61.57	65.38	69.20	73.02
3 %	62.07	65.88	69.69	73.50
4 %	62.57	66.37	70.17	73.99

5 %	63.07	66.86	70.66	74.47
6 %	63.57	67.36	71.15	74.96

सारणी 5

मजदूरी बिल के प्रतिशत के अनुसार उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन	कुल मृत्यु दावों के प्रति पूर्व मृत्यु दावों का अधिकतम अनुपात			
	2005-2006	2006-2007	2007-2008	2008-2009
	26.00%	25.40%	24.80%	24.20%
1 %	25.90%	25.30%	24.70%	24.10%
2 %	25.80%	25.20%	24.60%	24.00%
3 %	25.70%	25.10%	24.50%	23.90%
4 %	25.60%	25.00%	24.40%	23.80%
5 %	25.50%	24.90%	24.30%	23.70%
6 %	25.40%	24.80%	24.20%	23.60%

[फा. सं. 2(14) बीमा-3/2002 (i)]

जी. सी. चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव (बैंकिंग एण्ड इंश्योरेंस)

टिप्पण:- मूल नियम सा0का0नि0 सं0 794(अ) तारीख 11 अक्तूबर, 1985 द्वारा प्रकाशित किए गए थे और तत्पश्चात् सा0का0नि0 सं0 960(अ) तारीख 7 दिसंबर, 1987, सा0का0नि0 सं0 493(अ) तारीख 22 अप्रैल, 1988, सा0का0नि0 सं0 872(अ) तारीख 22 अगस्त, 1988, सा0का0नि सं0 711(अ) तारीख 25 जुलाई, 1989, सा0का0नि0 सं0 816(अ) तारीख 11 अक्तूबर, 1990, सा0का0नि0 सं0 324(अ) तारीख 10 मार्च, 1992, सा0का0नि0 सं0 53(अ) तारीख 2 फरवरी, 1994, सा0का0नि0 597(अ) तारीख 30 जून, 1995, सा0का0नि0 सं0 94(अ) तारीख 16 फरवरी, 1996, सा0का0नि0 सं0 286(अ) तारीख 18 जुलाइ, 1996, सा0का0नि0 सं0 530(अ)तारीख 27अगस्त, 1998, सा0का0नि0 सं0 612(अ) तारीख 30 अगस्त, 1999 और सा0का0नि0 550(अ) तारीख 22 जून, 2000 द्वारा संशोधित किए गए ।

स्पष्टीकारक ज्ञापन

1. केन्द्रीय सरकार ने इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट तारीख से भारतीय जीवन बीमा निगम के वर्ग I अधिकारियों की सेवा के निबंधनों और शर्तों के पुनरीक्षण के लिए अनुमोदन दे दिया है । तदनुसार, उक्त अधिसूचना में विनिर्दिष्ट तारीखों से भारतीय जीवन बीमा निगम वर्ग I अधिकारी (सेवा के लिए निबंधनों और शर्तों का पुनरीक्षण) नियम, 1985 का संशोधन किया जा रहा है ।

2. यह प्रमाणित किया जाता है कि इस अधिसूचना को भूतलक्षी प्रभाव देने से भारतीय जीवन बीमा निगम के किसी कर्मचारी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है ।

MINISTRY OF FINANCE
(Department of Economic Affairs)
(INSURANCE DIVISION)

NOTIFICATION
New Delhi, the 5th September, 2005

G.S.R. 559(E).— In exercise of the powers conferred by section 48 of the Life Insurance Corporation Act, 1956 (31 of 1956), the Central Government hereby makes the following rules to further amend the Life Insurance Corporation of India, Class I Officers (Revision of Terms and Conditions of Service) Rules, 1985, namely:-

1. Short title, commencement and application .- (1) These rules may be called the Life Insurance Corporation of India Class I Officers (Revision of Terms and Conditions of Service) Amendment Rules, 2005.

(2) Save as otherwise provided in these rules, these rules shall be deemed to have come into force on the 1st day of August, 2002:

Provided that where any Class I Officer gives a notice in writing to the Corporation, within a period as specified by the Corporation, expressing his option to be governed by the provisions of these rules from a date not earlier than the date on which the said rules come into force and not later than the date of publication of this notification in the Official Gazette, then the Corporation may, by order, permit such Officer to be governed by the said rules with effect from the said date and no arrears for the period prior to the date so opted shall be payable to such officer.

(3) These rules shall be applicable to those Class I Officers who were in the whole-time salaried service in the permanent establishment of the Corporation on or after the 1st August, 2002:

Provided that the officers whose resignations had been accepted or whose services had been terminated under rule 39 of Life Insurance Corporation of India (Staff) Rules, 1960 during the period from the 1st August, 2002 to the date of publication of this notification in the Official Gazette shall not be eligible for the arrears on account of revision.

2. In the Life Insurance Corporation of India, Class I Officers (Revision of Terms and Conditions of Service) Rules, 1985,-

(i) for rule 4, the following rule shall be substituted, namely :-

"4. Scales of Pay of Class I Officers: The scale of pay of the Class I Officers shall be as under :-

(1)	(i) Zonal Managers (ii) Chief Engineers/ Chief Architects	)	(a) Ordinary Scale : Rs. 28605-785(5)-32530 (b) Selection Scale : Rs. 31745-785(2)-33315-850(1)-34165-940(1)-35105-995(1)-36100
(2)	(i) Deputy Zonal Managers/ Senior Divisional Managers (ii) Deputy Chief Engineers/ Deputy Chief Architects	)	Rs. 25930-650(3)- 27880-725(2)-29330
(3)	(i) Divisional Managers (ii) Superintending Engineers/ Senior Surveyors of Works/ Senior Architects	)	Rs. 22030-650(7)-26580
(4)	(i) Assistant Divisional Managers/ Senior Branch Managers (ii) Executive Engineers/ Surveyors of Works/ Deputy Senior Architects	)	Rs. 18130-540(1)-18670-560(6)-22030-650(4)-24630

(5)	(i)	Administrative Officers/ Branch Managers	)
	(ii)	Assistant Executive Engineers/ Assistant Surveyors of Works/ Architects	) Rs. 14890-540(7)-18670-560(6)-22030
(6)	(i)	Assistant Administrative Officers/ Assistant Branch Managers	)
	(ii)	Assistant Engineers/ Assistant Architects	) Rs. 11110-540(14)-18670-560(4)-20910

Note : A separate seniority list shall be maintained in respect of Officers appointed to posts specified in entry (ii) under various serial numbers.";

(ii) for rule 4A, the following rule shall be substituted, namely :-

"4A. Addition to basic pay after reaching maximum of scale: Subject to the work record being found satisfactory,-

(a) an Officer in the scale of pay of Assistant Administrative Officer who has reached the maximum of the scale of pay applicable to him, may be granted for every three completed years of service after reaching such maximum, an addition to the basic pay equal to the last increment drawn by him in the scale of pay, subject to the maximum of two such additions:

Provided that no officer shall be entitled to such addition to the basic pay before the first day of the month following completion of three years after reaching maximum of the scale of pay or after drawing such additions, as the case may be;

(b) an Officer in the scale of pay of Administrative Officer who has reached the maximum of the scale of pay applicable to him, may be granted for every three completed years of service after reaching such maximum, an addition to the basic pay equal to the last increment drawn by him in the scale of pay, subject to the maximum of four such additions:

Provided that no officer shall be entitled to such addition to the basic pay before the first day of the month following completion of three years after reaching maximum of the scale of pay or after drawing such additions, as the case may be;

(c) an Officer in the scale of pay of Assistant Divisional Manager who has reached the maximum of the scale of pay applicable to him, may be granted for every three completed years of service after reaching such maximum, an addition to the basic pay equal to the last increment drawn by him in the scale of pay, subject to the maximum of two such additions:

Provided that no officer shall be entitled to such addition to the basic pay before the first day of the month following completion of three years after reaching maximum of the scale of pay or after drawing such additions, as the case may be;

Provided that where an Officer is not granted such addition to the basic pay referred to in clause (a) or clause (b) or clause (c) on first day of the month following completion of three years of service from the date of reaching maximum of the scale of pay applicable to him or from the last such addition to the basic pay (such first day of the month following completion of three years of service from the date of reaching maximum of scale of pay or the last such addition to the basic pay being hereinafter referred to as "the relevant date", as the case may be), his case shall fall due for review in each calendar year in the month following that in which he completes twelve months of service as reckoned from the relevant date, or from the date of such review, so long as he has not been allowed such addition to the basic pay, and if it is decided to allow such addition subsequently, it shall take effect from the first of the month in which the review has fallen due in the calendar year in which the decision is taken.

Explanation .- For the purposes of this rule, 'calendar year' means the period from the 1st day of January to the 31st day of December.";

(iii) in rule 5,

(a) for sub-rule (1), the following sub-rule shall be substituted, namely:-

"(1) The scale of dearness allowance applicable to Class I Officers shall be determined as under:-

(a) Index : All India Average Consumer Price Index Number for Industrial Workers.

(b) Base : Index No.2328 in the series 1960=100.

(c) Rate : For every four points in the quarterly average of the All India Consumer Price Index above 2328 points, a Class I Officer shall be paid dearness allowance at the rate of 0.18 % of Pay.

Explanation.- For the purposes of this rule, "Pay" means basic pay including additions to the basic pay after reaching maximum of the scale as provided under rule 4A of these rules.";

(b) in sub-rule(2), for the figures and words "1740 points in the sequence of 1740-1744-1748-1752", the figures and words "2328 points in the sequence of 2328-2332-2336-2340" shall be substituted ;

(iv) in rule 6, for sub-rule (1), the following sub-rule shall be substituted, namely :-

"(1) The House Rent Allowance applicable to Class I Officers, except those who have been allotted residential accommodation by the Corporation shall be as under:

Place of posting	Rate of House Rent Allowance
i. Cities of Mumbai, Kolkata, Chennai, New Delhi, Noida, Faridabad, Ghaziabad, Gurgaon and Navi Mumbai.	10% of Pay, subject to the maximum of Rs.1600/- per month
ii. Cities with population exceeding 12 lakhs, except those mentioned at (i), Gandhinagar and any city in the State of Goa	8% of Pay,subject to the maximum of Rs. 1350/- per month.
iii. Other places.	7% of Pay,subject to the maximum of Rs. 1300/- per month

Notes : for the purpose of this rule,

(i) the population figures shall be as per the latest Census Report;

(ii) cities shall include their urban agglomerations;

(iii) 'pay' means basic pay, additions to basic pay and Fixed Personal Allowance.";

(v) for rule 7, the following rule shall be substituted, namely:-

"7. City Compensatory Allowance: The City Compensatory Allowance payable to Class I Officers shall be as under:-

Place of posting	Rate of CCA
i. Cities of Mumbai, Kolkata, Chennai, New Delhi, Noida, Faridabad, Ghaziabad, Gurgaon and Navi Mumbai.	3% of Pay, subject to maximum of Rs. 500/- p.m.
ii. Cities with population exceeding twelve lakhs, except those mentioned at (i), Gandhinagar and any city in the State of Goa .	2.5% of Pay, subject to maximum of Rs.470/- p.m.
iii. Cities with population of five lakhs and above but not exceeding twelve lakhs, State Capitals with population not exceeding twelve lakhs, Chandigarh, Mohali, Pondicherry, Port Blair, and Panchkula.	2% of Pay, subject to maximum of Rs. 335/- p.m.

Notes : for the purposes of this rule,

(i) the population figures shall be as per the latest Census Report;

(ii) cities shall include their urban agglomerations;

(iii) "pay" means basic pay plus additions to basic pay under rule 4A.";

(v) for rule 7A , the following rule shall be substituted, namely :-

"7A Hill Allowance:-

The scales of Hill Allowance payable to Class I Officers shall be as follows :-

Serial Number	Places (1)	Rates (2)
1	Posted at placed situated at a height of 1,500 meters and over above mean sea level	at the rate of 2.5% of Basic Pay subject to maximum of Rs.335/- per month
2	Posted at places situated at a height of 1,000 meters and over but less than 1,500 meters above mean sea level, at Mercara and at places which are specifically declared as 'Hill Stations' by Central or State Governments for their employees.	at the rate of 2% of Basic Pay subject to maximum of Rs.270/- per month

3	Posted at places situated at a height of not less than 750 meters above mean sea level which are surrounded by and accessible only through hills with height of 1000 meters and over above mean sea level..	at the rate of 2% of Basic Pay subject to maximum of Rs.270/- per month

(vii) in rule 7B, for the letters and figures "Rs120/-" the letters and figure "Rs. 150/-" shall be substituted;

(viii) in rule 7C, for the letters and figures "Rs 200/-," the letters and figure "Rs. 500/-," shall be substituted;

(ix) in rule 9A, for clause (iii) of sub-rule (5) the following clause shall be substituted namely :

"(iii) Any Officer who has joined the services of the corporation after the 22nd June, 2000 shall not be eligible for this increment";

(x) for rule 9B, the following rule shall be substituted, namely :-

"9B Transport Allowance: Every Class I Officer, other than an Officer who is in receipt of any Conveyance Allowance under any of the Schemes of the Corporation, shall be paid Transport Allowance of Rs. 500/- per month.";

(xi) for rule 9(C) the following rule shall be substituted, namely:-

"9C Productivity Linked Lumpsum Incentive (PLLI): The Class I Officers of the Corporation shall be paid Productivity Linked Lumpsum Incentive as under :

(i) For the period from the 1st April, 2003 to the 31st March, 2005, one time lumpsum payment of one percent of the wage bill of Class I Officers as on the 1st August, 2002 (pre-revised) shall be paid as ex-gratia in lieu of Productivity Linked Lumpsum Incentive.

(ii) For the period from the 1st April, 2005 to the 31st March, 2009 shall be as specified in the Appendix annexed to these rules:

Provided that though the next wage revision falls due on the 1st August, 2007 the same Productivity Linked Lumpsum Incentive scheme shall be applicable upto Financial Year 2008-2009.";

(xii) for rule 9(D) the following rule shall be substituted, namely:-

"9D Paradeep Port Allowance :

Every Class I officer working in office(s) at Paradeep shall be paid "Paradeep Port Allowance" of Rs.75/- per month with effect from the first of the month following the date of publication of this notification or the date of joining at Paradeep, whichever is later. This allowance shall not rank for any benefits";

(xiii) for the Appendix, the following Appendix shall be substituted, namely :-

Appendix
PRODUCTIVITY LINKED LUMP SUM INCENTIVE SCHEME (PLLI)
(See rule 9C)

Conditions for grant of Productivity Linked Lumpsum Incentive	(1)Grant of Productivity Linked Lumpsum Incentive shall depend upon performance of the Corporation as a whole in the following areas: Growth in New Policies; Growth in First Year Premium Income; Growth in Total Premium Income; Early Claim Ratio; and Growth in Income from Real Estate. (2) The Productivity Linked Lumpsum Incentive will be calculated on Financial Year basis and will depend upon the level of performance achieved by the Corporation on the five parameters as mentioned above.

(3) The Productivity Linked Lumpsum Incentive will be payable only if the achievement of Corporation exceeds the threshold level on Total Premium Income as specified in the Table (1) below.

(4) The calculation of Productivity Linked Lumpsum Incentive shall be based on the Weighted Average Method which shall be calculated on the five parameters given in item (1) above. The percentage so arrived shall be rounded off to nearest integer. The eligible Productivity Linked Lumpsum Incentive percentage shall be the Productivity Linked Lumpsum Incentive percentage arrived at by applying the Weighted Average Method or the percentage of Productivity Linked Lumpsum Incentive under Total Premium Income whichever is lower.

(5) The following weightage shall be applied:

Parameter	Weightage
(i) Total Premium Income	4
(ii) First Year Premium Income	4
(iii) New Policies	3
(iv) Early Claims Ratio	2
(v) Rental Income	2

(6) Productivity Linked Lumpsum Incentive shall be payable at the levels of 1%,2%,3%,etc. upto a maximum of 6% of the pre-revised wage bill of Class I Officers as on the 1st August, 2002 depending upon the achievements of the volumes in the above mentioned areas as per the tables appended hereto.

(7) The Total Premium Income and First Year Premium Income for the purpose shall be the premium income on individual assurance policies plus 10% of premium in respect of Jeevan Suraksha and other Individual Pension Plans plus 1.25% of premium in respect of Bima Nivesh ,Jeevan Akshay and other single premium policies,plus 50% of Bima plus , Future plus and like plans and shall exclude Pension and Group Schemes Premium Income.

However a marginal shortfall in any of the five parameters noted above may be condoned by the Chairman.

(8) The amount of Productivity Linked Lumpsum Incentive in terms of wage bill shall depend upon the volumes achieved by the Corporation in the areas against the percentages mentioned for each parameter in the tables below provided the amount of Total Premium Income as specified in Table 1

	First Year Premium Income as specified in Table 2 , number of New Policies as specified in Table 3, Rental Income as specified in Table 4 and Early Claim Ratio as specified in Table 5 Income is not less than the amount of Total Premium Income ,First Year Premium Income ,number of New Policies, Rental Income and Early Claim Ratio, as specified in the respective tables. (9) The Productivity Linked Lumpsum Incentive shall be distributed as a lump sum annually on or after 1st August each year commencing from the 1st April, 2005 for each Financial Years from 2005-2006 to 2008-2009. (10)The proposed Productivity Linked Lumpsum Incentive shall be distributed among various classes in the ratio of pre-revised salary bill as on the 1st August, 2002 to the total wage bill of the Corporation. (11) The Corporation shall be empowered to formulate the decentralized performance norms and to frame the terms and conditions of the Productivity Linked Lumpsum Incentive for its employees to finally take it to the branch level. The Board shall within a period of six months from the date of this notification make regulations to take the Productivity Linked Lumpsum Incentive scheme to the Zone or Division or Branch level. (12) The weightage assigned to the parameters shall remain the same as given under item (5).

TABLE 1

Productivity Linked Lumpsum Incentive in terms of percentage of wage bill	Minimum amount of Total Premium Income required to be achieved (Rs. in crores)			
	2005-2006	2006-2007	2007-2008	2008-2009
Threshold	71047	83573	98307	115638
1%	71626	84204	98999	116402
2%	72207	84838	99694	117169
3%	72790	85474	100392	117939
4%	73375	86113	101094	118713
5%	73963	86755	101798	119490
6%	74554	87400	102506	120272

TABLE 2

Productivity Linked Lumpsum Incentive in terms of percentage of wage bill	Minimum amount of First Year Premium Income required to be achieved (Rs. in crores)			
	2005-2006	2006-2007	2007-2008	2008-2009
Threshold	14454	15848	17242	18636
1%	14571	15967	17363	18759
2%	14690	16088	17485	18883
3%	14808	16208	17608	19007
4%	14927	16330	17731	19131
5%	15047	16451	17854	19257
6%	15167	16574	17978	19383

TABLE 3

Productivity Linked Lumpsum Incentive in terms of percentage of wage bill	Minimum number of new policies required to be achieved			
	2005-2006	2006-2007	2007-2008	2008-2009
Threshold	31222179	33452923	35683667	37914411
1%	31476446	33705584	35934935	38164723
2%	31731728	33959299	36187299	38416176
3%	31988029	34214075	36440766	38668779
4%	32245357	34469917	36695344	38922540
5%	32503716	34726833	36951039	39177467
6%	32763114	34984829	37207860	39433567

TABLE 4

Productivity Linked Lumpsum Incentive in terms of percentage of wage bill	Minimum amount of Rental Income required to be achieved (Rs. in crores)			
	2005-2006	2006-2007	2007-2008	2008-2009
Threshold	60.58	64.41	68.24	72.07
1%	61.07	64.90	68.72	72.55
2%	61.57	65.38	69.20	73.02
3%	62.07	65.88	69.69	73.50
4%	62.57	66.37	70.17	73.99
5%	63.07	66.86	70.66	74.47
6%	63.57	67.36	71.15	74.96

TABLE 5

Productivity Linked Lumpsum Incentive in terms of percentage of wage bill	Maximum ratio of Early Death Claims to Total Death Claims			
	2005-2006	2006-2007	2007-2008	2008-2009
Threshold	26.00%	25.40%	24.80%	24.20%
1%	25.90%	25.30%	24.70%	24.10%
2%	25.80%	25.20%	24.60%	24.00%
3%	25.70%	25.10%	24.50%	23.90%
4%	25.60%	25.00%	24.40%	23.80%
5%	25.50%	24.90%	24.30%	23.70%
6%	25.40%	24.80%	24.20%	23.60%

[F. No. 2(14) Ins. III/2002 (i)]

G. C. CHATURVEDI, Jt. Secy. (Banking & Insurance)

Note : The principal rules were published vide G.S.R.No.794(E) dated the 11th October, 1985 and subsequently amended vide G.S.R.No.960(E) dated the 7th December, 1987, G.S.R.No.493(E) dated the 22nd April, 1988, G.S.R.No.872(E) dated the 22nd August, 1988, G.S.R.No.711(E) dated the 25th July, 1989, G.S.R.No.816(E) dated the 11th October, 1990, G.S.R.No.324(E) dated the 10th March, 1992, G.S.R.No.53(E) dated the 2nd February, 1994, G.S.R.No.597(E) dated the 30th June, 1995, G.S.R.No.94(E) dated the 16th February, 1996, G.S.R.No.286(E) dated the 18th July, 1996, G.S.R.No.530(E) dated the 27th August, 1998, G.S.R.No.612(E) dated the 30th August, 1999 and G.S.R.No 550 (E) dated the 22nd June, 2000.

Explanatory Memorandum

1. The Central Government has accorded approval to revise the terms and conditions of service of Class I Officers of Life Insurance Corporation of India with effect from the dates specified in the notification. The Life Insurance Corporation of India Class I Officers (Revision of Terms and Conditions of Service) Rules, 1985 are being amended accordingly with effect from these dates as specified in the notification.

2. It is certified that no employee of the Life Insurance Corporation of India is likely to be affected adversely by the notification being given retrospective effect.

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 सितम्बर, 2005

सा.का.नि. 560(अ).—केन्द्रीय सरकार, जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 (1956 का 31) की धारा 48 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम विकास अधिकारी (सेवा के निबन्धनों और शर्तों का पुनरीक्षण) नियम, 1986 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ - (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय जीवन बीमा निगम विकास अधिकारी (सेवा के निबन्धनों और शर्तों का पुनरीक्षण)संशोधन नियम, 2005 है ।

(2) जैसा कि इन नियमों में अन्यथा उपबन्धित है उसके सिवाय, ये नियम 1 अगस्त, 2002 को प्रवृत्त हुए समझे जाएंगे :

परन्तु जहां निगम द्वारा विनिर्दिष्ट अवधि के भीर यदि कोई विकास अधिकारी निगम को लिखित सूचना देता है जिसमें वह इन नियमों के प्रवृत्त होने की तारीख से अपूर्व और इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से अपश्चात् किसी तारीख से इन नियमों के उपबन्धों से शासित होने का अपना विकल्प अभिव्यक्त करता है, वहां निगम आदेश द्वारा ऐसे अभिकारी को उक्त तारीख से उक्त नियमों द्वारा शासित होने की अनुज्ञा दे सकेगा और इस प्रकार विकल्पित तारीख से पूर्व की अवधि के लिए उक्त विकास अधिकारी को कोई बकाया संदेय नहीं होगा ।

(3) ये नियम उन विकास अधिकारियों को लागू होंगे जो निगम के स्थायी स्थापन में तारीख 1 अगस्त, 2002 को पूर्णकालिक वेतन सेवा में थे :

परन्तु ऐसे विकास अधिकारी, जिनका भारतीय जीवन बीमा निगम (कर्मचारिवृन्द) नियम, 1960 के नियम 39 के अधीन तारीख 1 अगस्त, 2002 और अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख तक की अवधि के दौरान त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है या जिनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं, पुनरीक्षण के कारण बकाया के पात्र नहीं होंगे ।

2. भारतीय जीवन बीमा निगम विकास अधिकारी (सेवा के निबन्धनों और शर्तों का पुनरीक्षण) नियम, 1986 में,-

(i) नियम (4) में, उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

" (1) 7440-450(2)-8340-520(2)-9380-540(17)-18560 " ;

(ii) नियम (4) में, उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

" (3) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने पर मूल वेतन में वृद्धि :

